| राजस्थान राज–पत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
| --- | --- |
| साधिकार प्रकाशित | *Published by Authority* |

पौष 11, सोमवार, शाके 1939–जनवरी 01, 2018

*Pausa 11, Monday, Saka 1939–January 01, 2018*

भाग 4 (ग)

उप–खण्ड (1)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य–प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये (सामान्य आदेशों, उप–विधियों आदि को सम्मिलित करते हुए) सामान्य कानूनी नियम।

## दिल्ली–मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर (DMIC) विभाग

अधिसूचना

**जयपुर, दिसम्बर 28, 2017**

जी.एस.आर.114 :–राजस्थान विशेष विनिधान रीजन अधिनियम, 2016 (2016 का अधिनियम सं. 13) की धारा 70 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.–** (1) इन नियमों का नाम राजस्थान विशेष विनिधान रीजन नियम, 2017 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

**2. परिभाषाएं.–**(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "अधिनियम" से राजस्थान विशेष विनिधान रीजन अधिनियम, 2016 (2016 का अधिनियम सं. 13) अभिप्रेत है;

(ख) "प्ररूप" से इन नियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(ग) "बोर्ड का गैर–सरकारी सदस्य" से बोर्ड का ऐसा सदस्य अभिप्रेत है जो तत्समय न तो केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या किसी सरकारी अभिकरण के नियोजन में है और ना ही जिसने लाभ का कोई पद धारण कर रखा है;

(घ) "क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का गैर–सरकारी सदस्य" से क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का ऐसा सदस्य अभिप्रेत है जो तत्समय न तो केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या किसी सरकारी अभिकरण के नियोजन में है और ना ही जिसने लाभ का कोई पद धारण कर रखा है; और

(ङ) "अनुसूची" से इन नियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त किये गये किंतु परिभाषित नहीं किये गये शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो उन्हें अधिनियम में समनुदिष्ट किया गया है।

**3. बोर्ड के किसी गैर–सरकारी सदस्य के लिए निरर्हताएं.–** कोई व्यक्ति बोर्ड का गैर–सरकारी सदस्य नियुक्त किये जाने और होने के लिए निरर्हित होगा, यदि,–

(i) वह दिवालिया न्यायनिर्णीत किया गया है;

(ii) वह ऐसे किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है जिसमें, राज्य सरकार की राय में नैतिक अधमता अन्तर्वलित है;

(iii) वह गैर–सरकारी सदस्य के रूप में कार्य करने में शारीरिक रूप से या मानसिक रुप से असमर्थ हो गया है;

(iv) उसने ऐसा वित्तीय या अन्य हित अर्जित कर लिया है जिससे बोर्ड के गैर–सरकारी सदस्य के रूप में उसके कृत्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है; या

(v) उसने अपने पद का इतना दुरुपयोग किया है कि उसका पद पर बने रहना लोक हित के प्रतिकूल है।

**4. बोर्ड के किसी गैर–सरकारी सदस्य द्वारा पद ग्रहण से पूर्व की जाने वाली घोषणा.–** बोर्ड का गैर–सरकारी सदस्य, पद ग्रहण से पूर्व निम्नलिखित घोषणा प्रस्तुत करेगा,–

(i) कि वह नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं है;

(ii) कि उसका बोर्ड के साथ कोई हितों का संभावित टकराव नहीं है; और

(iii) कि वह बोर्ड के कृत्यों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित कारबार क्रियाकलाप चलाने वाली किसी भी फर्म, हित समूह, संगम या संगठन के साथ कोई संबद्धता नहीं रखता है।

**5. बोर्ड के गैर–सरकारी सदस्यों को यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और अन्य सुविधाएं.–** बोर्ड के गैर–सरकारी सदस्यों को बैठकों में भाग लेने और बोर्ड के सदस्य के रूप में कृत्यों का निर्वहन करने के लिए ऐसा यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और अन्य सुविधाएं अनुज्ञात की जायेंगी जो नीचे विनिर्दिष्ट की गयी हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| (i) यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता | : | हवाईजहाज से यात्रा पर इकोनोमी वर्ग और रेल द्वारा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी और 400 रुपये/– दैनिक भत्ता |
| (ii) भोजन और निवास | : | उच्चतम प्रवर्ग का आर.टी.डी.सी. होटल /विश्राम भवन |
| (iii) स्थानीय परिवहन | : | 600 रुपये/– प्रति भ्रमण |
| (iv) मानदेय/बैठक फीस | : | 1500 रुपये/– प्रतिदिन |

**टिप्पण:** यदि विभाग स्थानीय परिवहन उपलब्ध करवाता है तो ऊपरवर्णित रकम अनुज्ञेय नहीं होगी।

2

**6. क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के किसी गैर–सरकारी सदस्य के लिए निरर्हता.–** कोई व्यक्ति क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का गैर–सरकारी सदस्य नियुक्त किये जाने और होने के लिए निरर्हित होगा, यदि–

(i) वह दिवालिया न्यायनिर्णीत किया गया है;

(ii) वह ऐसे किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है जिसमें राज्य सरकार की राय में नैतिक अधमता अन्तर्वलित है;

(iii) वह गैर–सरकारी सदस्य के रूप में कार्य करने में शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से असमर्थ हो गया है;

(iv) उसने ऐसा वित्तीय या अन्य हित अर्जित कर लिया है जिससे क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के गैर–सरकारी सदस्य के रूप में उसके कृत्यों के निर्वहन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है; या

(v) उसने अपने पद का इतना दुरुपयोग किया है कि उसका पद पर बने रहना लोक हित के प्रतिकूल है।

**7. क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के किसी गैर–सरकारी सदस्य द्वारा पद ग्रहण से पूर्व की जाने वाली घोषणा.–** क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का गैर–सरकारी सदस्य, पद ग्रहण से पूर्व, निम्नलिखित घोषणा प्रस्तुत करेगा,–

(i) कि वह नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं है;

(ii) कि उसका क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के साथ हितों का कोई संभावित टकराव नहीं है; और

(iii) कि वह क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के कृत्यों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित कारबार क्रियाकलाप चलाने वाली किसी भी फर्म, हित समूह, संगम या संगठन के साथ कोई संबद्धता नहीं रखता है।

**8. क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के गैर–सरकारी सदस्यों को यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और अन्य सुविधाएं.–** क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के गैर–सरकारी सदस्यों को बैठकों में भाग लेने और क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के सदस्य के रूप में कृत्यों का निर्वहन करने के लिए यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और अन्य सुविधाएं अनुज्ञात की जायेंगी जो नीचे विनिर्दिष्ट की गयी है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता | : | हवाईजहाज से यात्रा पर इकोनोमी वर्ग और रेल द्वारा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी और 400 रुपये/– दैनिक भत्ता |
| (ii) | भोजन और निवास | : | उच्चतम प्रवर्ग का आर.टी.डी.सी. होटल /विश्राम भवन |
| (iii) | स्थानीय परिवहन | : | 600 रुपये/– प्रति भ्रमण |

(iv) मानदेय / बैठक फीस : 1500 रुपये / — प्रतिदिन

टिप्पणः यदि विभाग स्थानीय परिवहन उपलब्ध करवाता है तो ऐसे मामले में ऊपरवर्णित राशि अनुज्ञेय नहीं होगी।

**9. मास्टर विकास योजना के प्रारूप के प्रकाशन की रीति.–** किसी क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किये गये मास्टर विकास योजना के प्रारूप को, संबंधित क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के कार्यालय में उसकी एक प्रति निरीक्षण के लिए उपलब्ध करवायी जाकर और राजपत्र में प्ररूप 'क' में और उस क्षेत्र में व्यापक परिचालन वाले कम से कम दो दैनिक समाचारपत्रों में यह कथन करते हुए कि मास्टर विकास योजना का प्रारूप तैयार किया जा चुका है, उस स्थान का नाम विनिर्दिष्ट करते हुए, जहां इसकी एक प्रति जनता द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगी और यह कि उसकी प्रतियां या उनसे लिये गये उद्धरण, सही होने के प्रमाण के साथ कीमत पर विक्रय के लिए उपलब्ध होंगी और राजपत्र में नोटिस की तारीख से साठ दिवस की कालावधि के भीतर आक्षेपों और सुझावों को आमन्त्रित करते हुए नोटिस प्रकाशित करके, प्रकाशित किया जायगा।

**10. विकास स्कीम के प्रारूप के प्रकाशन की रीति.–** (1) किसी क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किये गये विकास स्कीम के प्रारूप को, संबंधित क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के कार्यालय में उसकी एक प्रति निरीक्षण के लिए उपलब्ध करवायी जाकर और राजपत्र में प्ररूप 'ख' में और उस क्षेत्र में व्यापक परिचालन वाले कम से कम दो दैनिक समाचारपत्रों में यह कथन करते हुए कि विकास स्कीम का प्रारूप तैयार किया जा चुका है, उस स्थान का नाम विनिर्दिष्ट करते हुए जहां इसकी एक प्रति जनता द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगी और यह कि उसकी प्रतियां या उनसे लिये गये उद्धरण, सही होने के प्रमाण के साथ विक्रय के लिए उपलब्ध होंगें और राजपत्र में नोटिस की तारीख से तीस दिवस की कालावधि के भीतर आक्षेपों और सुझावों को आमन्त्रित करते हुए नोटिस प्रकाशित करके, प्रकाशित किया जायेगा।

(2) विकास स्कीम के प्रारूप तैयार करने के संबंध में उप-नियम (1) के अधीन नोटिस के प्रकाशन की तारीख से तीस दिवस के पश्चात्, यदि उससे प्रभावित कोई व्यक्ति, ऐसे विकास स्कीम के प्रारूप के संबंध में कोई आक्षेप लिखित में संसूचित करता है तो क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ऐसे आक्षेप पर विचार करेगा और, विकास स्कीम के प्रारूप में ऐसे आवश्यक रूपान्तरण कर सकेगा जो वह ठीक समझे। क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण अन्तिम विकास स्कीम को राजपत्र में और उस क्षेत्र में व्यापक परिचालन वाले कम से कम दो दैनिक समाचार-पत्रों में प्रकाशित करेगा और वह तारीख विनिर्दिष्ट करेगा जिसको वह प्रवर्तन में आयेगी।

**11. जोनल विकास योजना में अंतर्विष्ट किये जाने वाले मामले.–** जहां कोई क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण मास्टर विकास योजना के कार्यान्वयन के लिए या विशेष विनिधान रीजन की परिधि के लिए कोई जोनल विकास

4

योजना बनाता है, वहां राज्य सरकार या बोर्ड के सामान्य या विनिर्दिष्ट निदेशों के अध्यधीन जोनल विकास योजना में अनुसूची–1 में वर्णित मामलों के लिए उपबंध कर सकेगा। राज्य सरकार क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के अनुरोध पर या बोर्ड की सिफारिश पर, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा समय–समय पर, अनुसूची–1 में किसी मामले को सम्मिलित कर सकेगी या उससे हटा सकेगी। नियम 10 के उपबंध, संभवतः उस सीमा तक, जोनल विकास योजना की तैयारी, प्रकाशन और अनुमोदन को लागू होंगे जैसे वे विकास स्कीम को लागू होते हैं।

12. **क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि के व्ययन की रीति.–** (1) राज्य सरकार, ऐसे किन्हीं सामान्य या विनिर्दिष्ट निबंधनों और शर्तों के अध्यधीन रहते हुए जिनको वह समय–समय पर अधिरोपित करे, क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित, अधिनियम की धारा 27 के अधीन भूमि के व्ययन के लिए किन्हीं उपांतरणों के साथ या बिना ऐसी रीति मंजूर कर सकेगी जैसी वह उचित समझे।

(2) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निदेशित करेगी कि राजस्थान न्यास सुधार (नगरीय भूमि का निवर्तन) नियम, 1974 के उपबंध ऐसे उपांतरणों और परिवर्तनों के साथ, जैसे राज्य सरकार उचित समझे, क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि के व्ययन के लिए लागू होंगे।

13. **भवनों को सील करने की रीति.–** (1) मुख्य कार्यपालक अधिकारी या इस निमित्त उसके द्वारा सम्यक् रुप से प्राधिकृत क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का कोई अधिकारी आदेश द्वारा और उसमें अभिलिखित कारणों से, इस निमित्त विशिष्ट रुप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति को, अधिनियम की धारा 48 के अधीन किसी भवन या अप्राधिकृत विकास को सील करने का निदेश दे सकेगा।

(2) उप–नियम (1) के अधीन किये गये आदेश की प्रति, ऐसे भवन या अप्राधिकृत विकास को सील करने के तुरंत पश्चात् भवन या अप्राधिकृत विकास के स्वामी या अधिभोग को परिदत्त की जायेगी और यदि स्वामी या अधिभोगी स्थल पर उपलब्ध नहीं है तो उक्त प्रति उक्त भवन या अप्राधिकृत विकास के किसी सहजदृश्य स्थान पर चिपकाई जा सकेगी।

(3) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट व्यक्ति, भवन या अप्राधिकृत विकास को सील करने से पहले, अनुमानित मापों के साथ परिसरों या अप्राधिकृत विकास का एक रफ खाका या योजना तैयार करेगा।

(4) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट व्यक्ति, यह सुनिश्चित करने के पश्चात् कि भवन या अप्राधिकृत विकास का कोई अन्य निकास या प्रवेश उचित रुप से तालाबंद, बोल्ट किया हुआ या वायर की रस्सी या वायर मेश या किसी अन्य सामग्री से परिवेष्टित किया गया है, भवन के बाहरी दरवाजे या प्रवेश को सील कर सकेगा जिसमें अप्राधिकृत विकास किया गया है या किया जा रहा है या जहां कोई चारदीवारी का न होना उसकी सीलिंग को कठिन बनाता है वहां पूर्वोक्त व्यक्ति यह सुनिश्चित करने के लिए,

5

निगरानी के प्रयोजनों के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त करने को सम्मिलित करते हुए अन्य उपाय करने या अंगीकृत करने के लिए प्राधिकृत होगा ताकि उप–नियम (1) के अधीन लगायी गयी सील को तोड़े या हटाये बिना, भवन या अप्राधिकृत विकास में कोई व्यक्ति प्रवेश न कर सके या न खोल सके जिससे लगायी गयी सील से छेड़छाड़ न हो या बाधा न पड़े।

(5) जहां कोई भवन या अप्राधिकृत विकास, जिसे इस नियम के अधीन सील किये जाने का आदेश किया गया है, ताला बंद पाया जाता है या पहुंच योग्य नहीं है, वहां भवन या अप्राधिकृत विकास को सील करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति, या तो ताला तोड़कर या खोलकर या दरवाजा, गेट या कोई अन्य बैरियर खोलकर और उस अप्राधिकृत विकास या परिसर में, जहां अप्राधिकृत विकास किया गया है या किया जा रहा है, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रवेश कर सकेगा कि अप्राधिकृत विकास या भवन भीतर से सुरक्षित है और तब परिसरों या अप्राधिकृत विकास को तालाबंद और सील कर सकेगा:

परन्तु जहां कोई भवन या अप्राधिकृत विकास बलपूर्वक खोला जाता है, वहां भवन या अप्राधिकृत विकास के स्थल पर पायी गयी वस्तुओं और सामग्री की एक सूची दो साक्षियों की उपस्थिति में तैयार की जाएगी और उसकी एक प्रति स्थल पर उपस्थित स्वामी या अधिभोगी को परिदत्त की जायेगी।

(6) उपर्युक्त निर्दिष्ट भवन या अप्राधिकृत विकास को क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की मुहर से सीलबंद किया जायेगा जो इस निमित्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सम्यक् रुप से प्राधिकृत अधिकारी की अभिरक्षा में रहेगा।

(7) जहां कोई व्यक्ति, किसी भवन या अप्राधिकृत विकास के पहरे और निगरानी के लिएं उप–नियम (5) के उपबंधों के अधीन क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा स्थल पर नियुक्त किया जाता है, वहां ऐसे पहरे और निगरानी पर उपगत व्यय भवन अप्राधिकृत विकास के स्थल के स्वामी या, यथस्थिति, अधिभोगी से भू–राजस्व के बकाया के रुप में वसूलीय होंगें।

(8) भवन या अप्राधिकृत विकास को सील करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति, यहां ऊपर उपबंधित रीति में ऐसे भवन या अप्राधिकृत विकास के सील करने के पश्चात् लिखित में निम्नलिखित को सूचित करेगा,–

(क) उस क्षेत्र के पुलिस स्टेशन को जिसमें अप्राधिकृत विकास या भवन अवस्थित है; या

(ख) किसी अन्य पुलिस स्टेशन को, जो इस निमित्त इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट किया जाये; और

(ग) उस अधिकारी को जिसके निदेशों पर भवन या अप्राधिकृत विकास सील किया गया है।

**14. परिसर या अप्राधिकृत विकास की सील के साथ छेड़छाड़ करना.**– यदि कोई व्यक्ति, चाहे परिसर या अप्राधिकृत विकास को सील

6

करने के लिए प्राधिकृत है या नहीं, यह पाता है कि परिसर या, यथास्थिति, अप्राधिकृत विकास पर इन नियमों के अधीन लगायी गयी सील तोड़ी गयी है या उसके साथ छेड़छाड़ की गयी है, तो वह संबंधित पुलिस थाने में मामले की लिखित में रिपोर्ट करेगा।

**15. अप्राधिकृत विकास को हटाने की रीति.–** (1) जहां अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए विनियमों के अधीन क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की अनुज्ञा के बिना या उसके प्रतिकूल या किसी ऐसी अन्य शर्त के उल्लंघन में, जिसके अध्यधीन ऐसी अनुज्ञा अनुदत्त की गयी है, किसी भवन का परिनिर्माण या किसी विकास का कियान्वयन प्रारंभ हो गया है, या चलाया जा रहा है, या पूर्ण हो गया है वहां मुख्य कार्यपालक अधिकारी या इस निमित्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सम्यक् रुप से प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, किसी अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त जो अधिनियम के अधीन की गयी है, स्वामी या अधिभोगी या ऐसे व्यक्ति को जिसके अनुरोध पर भवन का परिनिर्माण या विकास प्रारंभ किया गया है या चलाया जा रहा है, उसे तत्काल रोकने की अपेक्षा करने वाला आदेश कर सकेगा।

(2) यदि उप–नियम (1) के अधीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी या उस निमित्त सम्यक् रुप से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किये गये आदेश का पालन नहीं किया जाता है, तो मुख्य कार्यपालक अधिकारी या उस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी से स्वामी या अधिभोगी या ऐसे व्यक्ति और उसके समस्त सहायकों और कर्मकारों को परिसर से हटाने या किस संनिर्माण सामग्री, औजार, मशीनरी, या किसी भवन के परिनिर्माण या किसी विकास के कार्यान्वयन में उपयोग में ली गयी अन्य वस्तुओं को ऐसे समय के भीतर जैसा अध्यपेक्षा में विनिर्दिष्ट किया जाये, जब्त करने की ऐसे पुलिस अधिकारी से अपेक्षा कर सकेगा और ऐसा पुलिस अधिकारी अध्यपेक्षा का तदनुसार पालन करेगा।

(3) जहां किसी भवन का परिनिर्माण या किसी विकास का कियान्वयन क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की अनुज्ञा के बिना या उसके प्रतिकूल या किसी शर्त के उल्लंघन में जिसके अध्यधीन रहते हुए ऐसी अनुज्ञा दी गयी हैं या इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये किन्हीं विनियमों के उपबन्धों के उल्लंघन में पूर्ण हो गया है या पूर्ण होने को है वहां मुख्य कार्यपालक अधिकारी या सम्यक रूप से इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी, किसी अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त जो अधिनियम के अधीन की जाये, यह निर्दिष्ट करते हुए आदेश कर सकेगा कि ऐसे परिनिर्माण या विकास या उसके किसी भाग को, जो क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की अनुज्ञा के बिना या उसके प्रतिकूल है या इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये किन्हीं विनियमों के उल्लंघन में है, उस तारीख से जिसको उसके तोड़ने के आदेश की एक प्रति उसके कारणों के संक्षिप्त विवरण के साथ, स्वामी या अधिभोगी या ऐसे व्यक्ति जिसके अनुरोध पर ऐसा परिनिर्माण या,

यथास्थिति, विकास किया गया है, को परिदत्त की जाती है, तोड़ने के आदेश में विनिर्दिष्ट ऐसी कालावधि के भीतर, जो पांच दिन से कम की नहीं होगी और पन्द्रह दिन से अधिक की नहीं होगी, स्वामी या अधिभोगी या ऐसे व्यक्ति जिसके अनुरोध पर ऐसा परिनिर्माण या विकास प्रारम्भ किया गया है या चलाया जा रहा है या पूर्ण हो गया है, द्वारा तोड़ दिया जायेगाः

परन्तु तोड़ने का कोई आदेश तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि स्वामी या अधिभोगी या ऐसे व्यक्ति, जिसके अनुरोध पर ऐसा परिनिर्माण या विकास किया गया है, को हेतुक दर्शित करने का युक्तियुक्त अवसर देते हुए कि क्यों न ऐसा आदेश किया जाये। मुख्य कार्यपालक अधिकारी या उस निमित्त सम्यक् रुप से प्राधिकृत कोई अधिकारी ऐसी रीति में जो वह ठीक समझे नोटिस तामील न करा दे।

(4) आदेश में विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर स्वामी या अधिभोगी या उस व्यक्ति के आदेश का पालन करने में विफल रहने पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी या इस निमित्त प्राधिकृत प्राधिकारी स्वयं उस परिनिर्माण या विकास को, जिससे आदेश सम्बन्धित है, तोड़ देगा और ऐसे तोड़े जाने के व्यय भू-राजस्व की बकाया के रुप में वसूलीय होंगे।

**16. उपयोक्ता प्रभार सेवायें और अधिरोपण करने की रीति.–** क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण किसी विशेष विनिधान रीजन की अनुसूची-2 में विनिर्दिष्ट सेवाओं के लिए सेवाओं के प्रत्येक प्रकार के विरुद्ध उक्त अनुसूची में यथावर्णित दरों पर और रीति में उपयोक्ता प्रभार अधिरोपित कर सकेगा।

**17. प्रभारित की जाने वाली पट्टा किराया की दर.–** (1) किसी विशेष विनिधान रीजन में भूमि की पट्टा किराया की दर नियत करने के प्रयोजन के लिए, भूमि निम्नलिखित प्रवर्गो में विभाजित की जाती है:–

(i) कृषि

(ii) आवासीय

(iii) संस्थागत

(iv) औद्योगिक

(v) वाणिज्यिक और उपरोक्त खण्ड (i), (ii), (iii) और (iv) में वर्णित प्रवर्गों से भिन्न भूमि का अन्य प्रवर्ग।

(2) प्रत्येक प्रवर्ग के लिए पट्टा किराया की दरें, अनुसूची-3 में प्रत्येक प्रवर्ग के सामने वर्णित दर पर प्रभारित की जायेंगी।

(3) पट्टा किराया, पट्टे के निबंधनों और शर्तों के अनुसार पट्टेदार से वसूलीय होगा।

**18. भूमि के द्वितीय और पश्चात्वर्ती अंतरण पर प्रीमियम.–** (1) क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण, कृषि भूमि या किसी सरकारी अभिकरण को आबंटित भूमि से भिन्न, विशेष विनिधान रीजन में अवस्थित भूमि के प्रत्येक

द्वितीय या पश्चात्‌वर्ती अंतरण पर निम्नलिखित दरों पर प्रीमियम प्रभारित करेगा:–

(i) आवासीय : 200 वर्ग मीटर तक के माप वाले भू–खण्डों के लिए– 2500/–रु.
200 वर्ग मीटर से अधिक माप वाले भू–खण्डों के लिए– 5000/– रु.

(ii) औद्योगिक या भूमि के किसी अन्य प्रवर्ग के लिए –`8000/– रु.

(2) प्रीमियम, द्वितीय या पश्चात्‌वर्ती अंतरण के लिए क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की अनुज्ञा ईप्सित करते समय क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण को संदेय होगा।

**प्ररुप 'क'**
**(नियम 9 देखिए)**
**नोटिस**

राजस्थान विशेष विनिधान रीजन नियम, 2017 के नियम 9 के साथ पठित राजस्थान विशेष विनिधान रीजन अधिनियम, 2016 की धारा 14 के अनुसरण में, इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि प्रारुप मास्टर विकास योजना निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए तैयार की गयी है:–

(i)
(ii)
(iii)
(iv)
(v)

उसकी प्रति/प्रतियां ........................ पर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के कार्यालय में जनता द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी और यह कि उसकी प्रतियां या उससे लिये गये उद्धरण, सही होना सत्यापित कर, जनता को विक्रय के लिए प्रति पृष्ठ .................. रु. की कीमत पर उपलब्ध करवायी जायेंगी।

कोई व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी को राजपत्र में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से साठ दिवस की कालावधि के भीतर उक्त प्रारुप मास्टर विकास योजना के संबंध में कोई आक्षेप और सुझाव प्रस्तुत कर सकेगा।

**क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा**
**नियुक्त अधिकारी**

**प्ररुप 'ख'**
**(नियम 10 देखिए)**
**नोटिस**

**राजस्थांन विशेष विनिधान रीजन नियम, 2017 के नियम 10 के साथ पठित राजस्थान विशेष विनिधान रीजन अधिनियम, 2016 की धारा** 21 के अनुसरण में, इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि प्रारुप विकास योजना निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए तैयार की गयी है:–

(i)
(ii)
(iii)
(iv)
(v)

उसकी प्रति/प्रतियां ................ पर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के कार्यालय में जनता द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगा और कि उसकी प्रतियां या उससे लिये गये उद्धरण सही होना सत्यापित कर, जनता को विक्रय के लिए प्रति पृष्ठ ................ रु. की कीमत पर उपलब्ध करवायी जायेंगी।

कोई व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी को राजपत्र में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस की कालावधि के भीतर उक्त प्रारुप विकास योजना के संबंध में कोई आक्षेप और सुझाव कर सकेगा।

**क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा नियुक्त अधिकारी**

**अनुसूचियां**
**अनुसूची–1**
**(नियम 11 देखिए)**

(1) मास्टर विकास योजना में यथा वर्णित चलाये जाने वाले विकास कियाकलापों के लिए उपबंध;
(2) जोन के विकास के लिए स्थल योजना और जोन में प्रस्तावित भूमि के उपयोग के लिए ऐसी चीजें जैसे लोक भवनों और अन्य लोक संकर्म और सुविधाओं, सड़कें, आवासन, आमोद–प्रमोद के स्थान, उद्यम, कारबार, बाजार, विद्यालय, अस्पताल, लोक और निजी खुले स्थान और अन्य प्रवर्गों के लोक और निजी उपयोगों के विस्तार और अनुमानित अवस्थान दर्शित करें;
(3) जनसंख्या घनत्व और भवन घनत्व के मानकों को विनिर्दिष्ट करें;
(4) जोन में प्रत्येक क्षेत्र दर्शित करें, जो क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की राय में विकास या पुनर्विकास के लिए अपेक्षित या घोषित हैं; और

10

(5) विशिष्टियों में, निम्नलिखित मामलों के समस्त या किन्हीं के संबंध में उपबंध अंतर्विष्ट हैं, अर्थात्:–

(i) भवनों के परिनिर्माण के लिए भू–खण्डों में किसी साइट का विभाजन;

(ii) सड़कों, खुले स्थानों, उद्यानों, आमोद–प्रमोद के मैदानों, विद्यालयों, बाजारों और अन्य लोक प्रयोजनों के लिए भूमि का आबंटन या आरक्षण;

(iii) किसी क्षेत्र का नगर या कॉलोनी में विकास और निर्बधनों और शर्तें जिनके अध्यधीन ऐसे विकास का जिम्मा लिया गया है या किया गया है;

(iv) किसी स्थल पर भवनों का परिनिर्माण और भवनों के आस–पास या में रखरखाव वाले खुले स्थानों के संबंध में निर्बधन और शर्तें और भवनों की प्रकृति और ऊंचाई;

(v) किसी स्थल पर भवनों की संरेखा;

(vi) किसी भू–खण्ड या किसी साइट पर परिनिर्मित किये ज़ाने वाले किसी भवन का फ्रंटेज या ऐलिवेशन के स्थापत्य लक्षण;

(vii) आवासीय भवनों की संख्या जो किसी भू–खण्ड या स्थल पर परिनिर्मित किये जा सकते हैं;

(viii) किसी स्थल पर या ऐसे स्थल पर भवन के संबंध में चाहे भवन के परिनिर्माण के पश्चात् या पूर्व उपलब्ध करवाये जाने वाली सुख–सुविधाएं और व्यक्ति या प्राधिकरण जिसके द्वारा या जिसके व्यय पर ऐसी सुख–सुविधाएं उपलब्ध करवायी जानी हैं;

(ix) दुकानों, कार्यशालाओं, भांडागारों या कारखानों या विनिर्दिष्ट स्थापत्य लक्षणों के भवनों या परिक्षेत्र में विशिष्ट प्रयोजनों के लिए डिजाइन किये गये भवनों के परिनिर्माण के संबंध में प्रतिषेध या निर्बंधन;

(x) दीवारों, बाड़ों, झाड़ों या किसी अन्य संरचनात्मक या स्थापत्य संनिर्माण का रखरखाव और ऊंचाई जिस तक वे रखे जाएंगे;

(xi) भवनों के परिनिर्माण से भिन्न अन्य प्रयोजन के लिए किसी स्थल के उपयोग के संबंध में निर्बधन; और

(xii) कोई अन्य मामला जो योजना के अनुसार जोन या उसका किसी क्षेत्र के उचित विकास के लिए और ऐसे जोन या क्षेत्र में अव्यवस्थित रुप से भवनों के परिनिर्माण के निवारण के लिए आवश्यक है।

अनुसूची–2
(नियम 16 देखिए)

| सेवायें जिनके लिए उपयोक्ता प्रभार संदेय होंगे | उपयोक्ता प्रभारों की दर | उपयोक्ता प्रभारों के सदाय की रीति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| विशेष विनिधान रीजन में किन्हीं या समस्त अवसंरचना सुविधाओं के उपयोग के लिए और क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध करवायी गयी नगरपालिक सेवाओं के लिए किसी परिसर के स्वामी या अधिभोगी द्वारा संदेय उपयोक्ता प्रभार | (i) कृषि भूमि–शून्य<br>(ii) औद्योगिक और संस्थागत भू–खण्डों के लिए उपयोक्ता प्रभारों की दर, न्यूनतम 1000/– रु. प्रतिवर्ष के अध्यधीन, प्रति वर्ष रु. 8.05 प्रति वर्ग मीटर होगी (वार्षिक रुप से 10% बढाई जाएगी)<br>(iii) आवासीय और वाणिज्यिक भू–खण्डों और उपर्युक्त खण्ड (i) और (ii) में वर्णित प्रवर्गों से भिन्न भूमि के किसी प्रवर्ग के लिए उपयोक्ता प्रभारों की दरें, प्रतिवर्ष न्यूनतम 1000 रु. के अध्यधीन, समय–समय पर औद्योगिक भू–खण्डों के लिए नियत उपयोक्ता प्रभारों की दर का दोगुना होगा। | उपयोक्ता प्रभार प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 1 अप्रैल को शोध्य होंगे और प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई तक अग्रिम के रुप से संदत्त किये जायेंगे:<br>परन्तु संपूर्ण या विशेष विनिधान रीजन के किसी भाग के लिए उपयोक्ता प्रभार, राज्य सरकार का यह समाधान होने के पश्चात् कि विशेष विनिधान रीजन के संपूर्ण या किसी ऐसे भाग के लिए, जहा अवसरचना सुविधाएं और नगरपालिक सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाती हैं, क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण द्वारा यथोचित अवसरचना सुविधाए और नगरपालिक सेवाये उपलब्ध करवायी गयी हैं, विशेष विनिधान रीजन के लिए समय–समय पर राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाने वाली तारीख से संदेय होंगे। |

12

## अनुसूची–3
**(नियम 17 देखिए)**

| क. सं. | भूमि का प्रवर्ग | पट्टे की कालावधि | प्रभारित किये जाने वाले पट्टे किराया की दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | आवासीय भूमि | आबंटन से 5 वर्ष तक की कालावधि के लिए। | भू–खण्ड के क्षेत्रफल से गुणांकित कुल आरक्षित मूल्य का 1.25 %। |
| | | 5 वर्ष से अधिक और 99 वर्ष तक की कालावधि के लिए। | भू–खण्ड के क्षेत्रफल से गुणांकित कुल आरक्षित मूल्य का 2.5 %। |
| 2. | संस्थागत | आबंटन से 5 वर्ष तक की कालावधि के लिए। | भू–खण्ड के क्षेत्रफल से गुणांकित कुल आरक्षित मूल्य का 1.25 %। |
| | | 5 वर्ष से अधिक और 99 वर्ष तक की कालावधि के लिए। | भू–खण्ड के क्षेत्रफल से गुणांकित कुल आरक्षित मूल्य का 2.5 %। |
| 3. | औद्योगिक | आबंटन से 5 वर्ष तक की कालावधि के लिए। | भू–खण्ड के क्षेत्रफल से गुणांकित कुल आरक्षित मूल्य का 1.25 %। |
| | | 5 वर्ष से अधिक और 99 वर्ष तक की कालावधि के लिए। | भू–खण्ड के क्षेत्रफल से गुणांकित कुल आरक्षित मूल्य का 2.5 %। |
| 4. | वाणिज्यिक | आबंटन से 5 वर्ष तक की कालावधि के लिए। | भू–खण्ड के क्षेत्रफल से गुणांकित कुल आरक्षित मूल्य का 1.25 %। |
| | | 5 वर्ष से अधिक और 99 वर्ष तक की कालावधि के लिए। | भू–खण्ड के क्षेत्रफल से गुणांकित कुल आरक्षित मूल्य का 5.00 %। |

**टिप्पण:** (i) पट्टा किराया की उपर्युक्त दरें पट्टे के प्रारंभ की तारीख से प्रत्येक 15 वर्ष के अवसान के पश्चात् 25% तक बढ़ जायेंगी।

(ii) पट्टा किराया भूमि के प्रत्येक द्वितीय या पश्चात्वर्ती अन्तरण पर भी 25% तक बढ़ जायेगा।

(iii) पट्टा किराया के विलंब से संदाय पर ब्याज। यदि पट्टा किराया समय पर निक्षिप्त नहीं किया जाता है तो प्रति वर्ष 12% की दर पर ब्याज प्रभारित किया जायेगा।

[एफ.सं.प.15(5)डीएमआईसी/मिस./2016/एस.आई.आर.एक्ट/16]

**राज्यपाल के आदेश से,**

राजीव स्वरुप,

**अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव।**

**Department of Delhi-Mumbai Industrial Corridor Department(DMIC)**

NOTIFICATION

**Jaipur, December 28, 2017**

**G.S.R.114** .-In exercise of the powers conferred by section 70 of the Rajasthan Speçial Investment Regions Act, 2016 (Act No. 13 of 2016), the State Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement.**- (1) These rules may be called the Rajasthan Special Investment Regions Rules, 2017.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.**- (1) In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the Rajasthan Special Investment Regions Act, 2016 (Act No. 13 of 2016);

(b) "Form" means Form appended to these rules.

(c) "Non-official member of the Board" means such member of the Board who is neither in the employment nor holding any office of profit in the Central Government, State Government or a Government Agency for the time being;

(d) "Non-official member of the Regional Development Authority" means such member of the Regional Development Authority who is neither in the employment nor holding any office of profit in the Central Government, State Government or a Government Agency for the time being: and

(e) "Schedule" means Schedule appended to these rules.

(2) The words and expressions used but not defined in these rules shall have the same meanings as assigned to them in the Act.

3. **Disqualification for a non-official member of the Board.**- A person shall be disqualified for being appointed and for being non-official member of the Board, if he,-

(i) has been adjudged insolvent;

(ii) has been convicted for an offence which, in the opinion of the Government involves moral turpitude;

(iii) has become physically or mentally incapable of acting as non-official member;

(iv) has acquired such financial or other interest as is likely to affect prejudicially his function as non-official member of the Board; or

(v) has so abused his position as to render his continuance in office prejudicial to the public interest.

**4. Declaration before assumption of office by a non-official member of the Board.-** The non-official member of the Board, before assumption of office, shall submit the following declaration,-

(i) that he is not disqualified for appointment;

(ii) that he has no potential conflict of interest with the Board; and

(iii) that he has no affiliation with any firm, interest group, association, or organization carrying on business activities directly or indirectly related with the functions of the Board.

**5. Travelling Allowance, Daily Allowance and other facilities to the non-official members of the Board.-** The non-official members of the Board shall be allowed Travelling Allowance, Daily allowance and other facilities for attending meetings and discharging functions of member of the Board as specified below:-

| | | |
|---|---|---|
| (i) Travelling Allowance & Daily Allowance | : | by air economy class and by rail II AC & Daily Allowance Rs. 400/- |
| (ii) Boarding and lodging | : | RTDC Hotel Highest Category / Circuit House |
| (iii) Local Transport | : | Rs. 600/- per visit |
| (iv) Honorarium/ sitting fee | : | Rs. 1500/- per day |

**Note:** In case Department will provide the local transport, the aforementioned amount will not be admissible.

**6. Disqualification for a non-official member of the Regional Development Authority.-** A person shall be disqualified for being appointed and for being non-official member of the Regional Development Authority, if he,-

(i) has been adjudged insolvent;

(ii) has been convicted for an offence which, in the opinion of the State Government involves moral turpitude;

(iii) has become physically or mentally incapable of acting as non-" official member;

(iv) has acquired such financial or other interest as is likely to affect prejudicially his function as non-official member of the Regional Development Authority; or

(v) has so abused his position as to render his continuance in office prejudicial to the public interest.

**7. Declaration before assumption of office by a non-official member of the Regional Development Authority.-** The non-official member of the Regional Development Authority, before assumption of office, shall submit the following declaration,-

(i) that he is not disqualified for appointment;

(ii) that he has no potential conflict of interest with the Regional Development Authority; and

(iii) that he has no affiliation with any firm, interest group, association, or organization carrying on business activities directly or indirectly related with the functions of the Regional Development Authority.

**8. Travelling Allowance, Daily Allowance and other facilities to the non-official members of the Regional Development Authority.-** The non-official members of the Regional Development Authority shall be allowed Travelling Allowance, Daily allowance and other facilities for attending meetings and discharging functions of member of the Regional Development Authority as specified below:

| | |
|---|---|
| (i) Travelling Allowance & Daily Allowance | : by air economy class and by rail II AC & Daily Allowance Rs. 400/- |
| (ii) Boarding and lodging | : RTDC Hotel Highest Category/ Circuit House |
| (iii) Local Transport | : Rs. 600/- per visit |
| (iv) Honorarium/ sitting fee | : Rs. 1500/- per day |

**Note:** In case Department will provide the local transport, the aforementioned amount will not be admissible.

**9. Manner of Publication of draft Master Development Plan.-** The draft Master Development Plan prepared by a Regional Development Authority shall be published by making a copy

thereof available for inspection at the office of the Regional Development Authority concerned and publishing a notice in Form 'A' in the Official Gazette and in atleast two daily newspapers having wide circulation in the area stating that the draft Master Development Plan has been prepared, specifying the name of the place where a copy thereof shall be available for inspection by the public and that copies thereof or extracts therefrom, certified to be correct shall be available for sale and inviting objections and suggestions within a period of sixty days from the date of notice in the Official Gazette.

**10. Manner of Publication of draft Development Scheme.-** (1) The draft development Scheme prepared by a Regional Development Authority shall be published by making a copy thereof available for inspection at the office of the Regional Development Authority concerned and publishing a notice in Form 'B' in the Official Gazette and in atleast two popular daily newspapers having circulation in the area stating that the draft Development Scheme has been prepared, specifying the name of the place where a copy thereof shall be available for inspection by the public and that copies thereof or extracts therefrom, certified to be correct shall be available for sale and inviting objections and suggestions within a period of thirty days from the date of notice in the Official Gazette.

(2) After thirty days from the date of publication of the notice under sub-rule (1) regarding preparation of the draft Development Scheme, if any person affected thereby communicates in writing any objection relating to such draft Development Scheme, the Regional Development Authority shall consider such objection and may make necessary modifications to the draft Development Scheme, as it may deem fit. The Regional Development Authority shall publish final Development Scheme in the Official Gazette and in atleast two daily newspapers having wide circulation in the area, and specify the date on which it shall come into operation.

**11. Matters to be contained in the Zonal Development Plan.-** Where a Regional Development Authority makes any Zonal Development Plan for any zone or periphery of a Special Investment Region for implementation of the Master Development Plan, it may, subject to the general or specific direction of the State Government or the Board, provide for the matters mentioned in the Schedule-I in the Zonal Development Plan . The State Government may on the request of a Regional Development Authority or on the

recommendation of the Board, by notification in the Official Gazette include or delete any matter in the Schedule-I, from time to time. The provisions of rule 10, shall, to the extent possible, apply to the preparation, publication and approval of Zonal Development Plan as they apply to Development Scheme.

**12. Manner of disposal of land by Regional Development Authority.-** (1) The State Government may, subject to any general or specific terms and conditions as it may impose, from time to time, approve the manner for disposal of land under section 27 of the Act proposed by the Regional Development Authority, with or without any modifications, as it may consider appropriate.

(2) The State Government may, by notification in the Official Gazette, direct that the provisions of the Rajasthan Improvement Trust (Disposal of Urban Land) Rules, 1974 with such modifications and alterations, as the State Government considers appropriate, applicable for disposal of land by the Regional Development Authority.

**13. Manner of sealing buildings.-** (1) The Chief Executive Officer or an officer of the Regional Development Authority duly authorised by him in this behalf may by order and for reasons recorded therein, direct any person specially authorised in this behalf to seal any building or unauthorised development under section 48 of the Act.

(2) A copy of the order made under sub-rule (1) shall be delivered to the owner or occupier of the building or unauthorised development immediately after the sealing of such building or unauthorised development and in case the owner or occupier is not available at the site, the said copy may be pasted at some conspicuous place of the said building or unauthorised development.

(3) The person referred to in sub-rule (1) may, before the sealing of the building or unauthorised development prepare a rough sketch or plan of the premises or unauthorised development alongwith approximate measurements.

(4) The person as referred to in sub-rule (1), may seal the outer door or the opening of the building in which the unauthorised development has been or is being made after ensuring that other outlets and inlets of the building or unauthorised development have been properly locked, bolted or encircled with wire rope or wire mesh or any other material or has no boundary walls making

the sealing thereof difficult, the person as aforesaid, shall be authorised to take or adopt any other means including the posting of any person for watch and ward purposes with a view to ensure the same against tempering or interfering in a manner that no person can enter into or open the building or unauthorised development without breaking or removing the seal affixed under sub-rule (1).

(5) Where any building or unauthorised development which has been ordered to be sealed under this rule is found to be locked or in accessible, the person authorised to seal the building or the unauthorised development, may either break open the lock or open or cause to be opened the door, gate, or any other barrier and enter the unauthorised development or the premises where the unauthorised development has been made or is being made so as to ensure that the unauthorised development or the building is secured from within and then lock and seal the premises or the unauthorised development:

Provided that where any building or the unauthorised development is forced open, an inventory of the articles or material found in the building or on the site of the unauthorised development shall be prepared in the presence of two witnesses and a copy thereof shall be delivered to the owner or occupier present at the site.

(6) The building or the unauthorised development referred to above shall be sealed with the seal of the Regional Development Authority which shall remain in the custody of an officer duly authorised by the Chief Executive Officer in this behalf.

(7) Where any person for watch and ward of any building or unauthorised development is posted at site by the Regional Development Authority under the provisions of sub-rule (5), the expenses incurred on such watch and ward shall be recoverable from the owner or the occupier of the building or site of the unauthorised development, as the case may be, as arrear of land revenue.

(8) The person authorised to seal the building or unauthorised development, after such building or unauthorised development has been sealed in the manner provided hereinabove, shall inform in writing to,-

(a) the police station of the area in which unauthorised development or building is situated; or

(b) any other police station as may be specified for the purpose in this behalf; and

(c) the officer on whose directions the building or unauthorised development has been sealed.

**14. Tempering with seal of the premises or unauthorised development.-** If any person, whether authorised to seal the premises or unauthorised development or not, finds that the seal as affixed under these rules on the premises or unauthorised development, as the case may be, has been broken or tempered with, shall report the matter in writing to the police station concerned.

**15. Manner of removal of unauthorised development.-** (1) Where the erection of any building or execution of any development has commenced, or is being carried on, or has been completed without or contrary to the permission of the Regional Development Authority under the Act or the Regulations made thereunder, or in contravention of any condition subject to which such permission has been accorded, the Chief Executive Officer or any Officer duly authorised by the Chief Executive Officer in that behalf may, in addition to any other action that may be taken under the Act, make an order requiring the owner or the occupier or the person at whose instance the erection of building or development has been commenced or is being carried on to stop the same forthwith.

(2) If an order made by the Chief Executive Officer or the officer duly authorised in that behalf under sub-rule (1) is not complied with, the Chief Executive Officer or the officer authorised in that behalf may require the police officer to remove the owner or the occupier or such person and all his assistants and workmen from the premises or to seize any construction material, tool, machinery, or other things used in the erection of any building or execution of any development within such time as may be specified in the requisition and such police officer shall comply with the requisition accordingly.

(3) Where the erection of any building or execution of any development has been completed or nearing completion without or contrary to the permission of the Regional Development Authority or in contravention of any condition subject to which such permission has been accorded or in contravention with the provisions of the Act or any regulations made thereunder, the Chief Executive Officer or the officer duly authorised in that behalf, may in addition to any other action that may be taken under the Act, make an order directing that such erection or development

or any part thereof which is without or contrary to the permission of the Regional Development Authority or in contravention with the provisions of the Act or any regulations made thereunder, shall be demolished by the owner or the occupier or the person at whose instance such erection or development has been commenced or is being carried on or has been completed, within such period, not being less than five days and more than fifteen days from the date on which a copy of the order of demolition with a brief statement of reasons therefor has been delivered to the owner or the occupier or the person at whose instance such erection or development is commenced, as the case may be, specified in the order of demolition:

Provided that no order of demolition shall be made unless the owner or the occupier or the person at whose instance such erection or development is commenced has been by means of a notice served in such manner as the Chief Executive Officer or the officer duly authorised in that behalf may think fit, a reasonable opportunity of showing cause why such order shall not be made.

(4) On the failure of the owner or the occupier or that person to comply with the order within the period specified in the order, the Chief Executive Officer or the officer authorised in that behalf may himself cause the erection or the development to which the order relates to be demolished and the expenses of such demolition shall be recoverable as arrear of land revenue.

**16. Services on which and manner of imposing user charges.-** The Regional Development Authority may impose the user charges for the services specified in the Schedule-II in a Special Investment Region at the rate and in the manner as mentioned in the said schedule against each type of service.

**17. Rate of lease rent to be charged.-** (1) For the purpose of fixing rate of lease rent of land in a Special Investment Region, land is divided into following categories:-

(i) Agriculture
(ii) Residential
(iii) Institutional
(iv) Industrial
(v) Commercial and any category of land other than the categories mentioned in clause (i), (ii),(iii) and (iv) above.

(2) The rates of lease rent for each category would be charged at the rate as mentioned against each category in the Schedule-III.

(3) The lease rent shall be recoverable from the lessee in accordance with the terms and conditions of the lease.

**18. Premium on second and subsequent transfer of land.-** (1) The Regional Development Authority shall charge premium on every second or subsequent transfer of land situated in the Special Investment Region other than agricultural land or the land allotted to a Government Agency, at the following rates:-

(i) Residential: for plots measuring upto 200 square metre - Rs. 2500/-
for plots measuring above 200 square metre -Rs. 5000/-
(ii) Industrial or any other category of land - Rs. 8000/-

(2) The premium shall be payable to the Regional Development Authority at the time of seeking permission of the Regional Development Authority for second or subsequent transfer.

**FORM 'A'**
**(see rule 9)**
**NOTICE**

In pursuance of section 14 of the Rajasthan Special Investments Act, 2016, read with rule 9 of the Rajasthan Special Investment Regions Rules, 2017, notice is hereby given that the draft Master Development Plan has been prepared for the following areas:-

(i)
(ii)
(iii)
(iv)
(v)

Copy/copies thereof shall be available for inspection by the public at the office of the Regional Development Authority at________________and that copies thereof or extracts therefrom, certified to be correct shall be available for sale to the public at a price of Rs.________ per page.

Any person may submit objections and suggestions with respect to the said draft Master Development Plan within a period of sixty days from the date of publication of this notice in the Official Gazette to the undersigned.

**Officer appointed by the Regional Development Authority**

22

**FORM 'B'**
**(see rule 10)**
**NOTICE**

In pursuance of section 21 of the Rajasthan Special Investments Act, 2016, read with rule 10 of the Rajasthan Special Investment Regions Rules, 2017, notice is hereby given that the draft Development Scheme has been prepared for the following areas:-

(i)
(ii)
(iii)
(iv)
(v)

Copy/ copies thereof shall be available for inspection by the public at the office of the Regional Development Authority at_______________and that copies thereof or extracts therefrom, certified to be correct shall be available for sale to the public at a price of Rs.________ per page.

Any person may submit objections and suggestions with respect to the said draft Development Scheme within a period of 30 days from the date of publication of this notice in the Official Gazette to the undersigned.

**Officer appointed by**
**the Regional Development Authority**

**SCHEDULES**
**SCHEDULE-I**
**(see rule 11)**

(1) Provision for developmental activities to be carried out as mentioned in the Master Development Plan;

(2) A site plan for the development of the zone and show the approximate locations and extents of land uses proposed in the zone for such things as public buildings and other public works and utilities, roads, housing, recreation, industry, business, markets, schools, hospitals, public and private open spaces and other categories of public and private uses;

(3) Specify the standards of population density and building density;

